>

Title: Need to open three additional passport service Centres in Bikaner, Jodhpur and Udaipur of Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, मैं शून्यकाल के माध्यम से आपका ध्यान लोकमहत्व के विषय की ओर करना चाहता हूं।

महोदय, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा को केन्द्रीयकृत करने की दृष्टि से हर राज्य में, जहां कैपिटल था वहां पहले से पासपोर्ट सेवा केन्द्र था, लेकिन आवश्यकतानुसार एक या दो ज्यादा पासपोर्ट सेंटर बनाने की योजना बनाई गई। पूरे देश में पचास पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने का प्लान किया गया। केरल में दस, पंजाब में सात, आंध्र प्रदेश में सात, तमिलनाडु में आठ, कर्नाटक में चार, गुजरात में पांच, लेकिन मैं उस डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि राजस्थान भौगोलिक रूप से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है।

जयपुर में पासपोर्ट सेवा केंद्र है, जोधपुर में भी खोला है। मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं, बीकानेर डिवीजनल हैडक्वार्टर है, समभाग मुख्यालय है, इसके आसपास श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु, बीकानेर और नागौर जिले लगते हैं। हमें सीकर के अधीन कर दिया गया है, यह डिवीजनल हैडक्वार्टर में ही है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि बीकानेर समभाग मुख्यालय पर पासपोर्ट केंद्र की सेवा दी जाए ताकि सात-आठ जिलों को लाभ हो सके। धन्यवाद।